न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 69/2024 बउनवानी बी.एस.शर्मा बनाम लो.सू.अधि.एवं अति0 जिला कलेक्टर स0मा0(प्र.अ.चुनाव)
निवासी 32ए, राजविहार कॉलोनी राजकीय कन्या महाविद्यालय के पास सवाईमाधोपुर
GCMS No-2024/162

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
27.12.2024	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 14.10.2024 को लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर (प्र.अ.चुनाव अनुभाग) को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर" *पंचायती राज संस्थाओ के आम चुनाव,2010 एवं 2015 के दौरान ग्राम पंचायत मैनपुरा पंचायत समिति सवाईमाधोपुर मे निर्वाचित सरपंच के परिणाम पत्र (प्रपत्र–7) की सूचना* " अति0 जिला कलेक्टर (उपजिला निर्वाचन अधिकारी) सवाईमाधोपुर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है। जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर (उपजिला निर्वाचन अधिकारी) सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर (उपजिला निर्वाचन अधिकारी) सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकः एफ.8()निर्वाचन/परास/सूकाअ/2024/8016 दिनांक 27.12.2024 का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलान्ट के प्रार्थना पत्र दिनांक 14.10.2024 में चाही गयी सूचना वर्ष, 2010 की प्रपत्र "ग" मे एवं वर्ष 2015 की प्रपत्र–7 मे अति0 जिला कलेक्टर (उपजिला निर्वाचन अधिकारी) सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को भिजवायी करवायी जा चुकी है। इस प्रकार चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अपीलान्ट द्वारा लिखित आपत्ति पेश कर निवेदन है कि अपीलान्ट द्वारा चाही गयी सूचना अभी तक अपीलान्ट को दिनांक 23.12.2024 तक उपलब्ध नही करवायी गयी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 14.10.2024 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1 व 2 में चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर (उपजिला निर्वाचन अधिकारी) सवाईमाधोपुर के पत्रांक एफ.8()निर्वाचन/परास/सूकाअ/2024/8016 दिनांक 27.12.2024 से अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2025.06.25 18:04:19 IST Reason: SelfAttested (शुभम चौधरी) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Scanned with OKEN Scanner